माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांकः 229/प्रशा0/MSU/2025–26 दिनांकः 09/05/2025

कार्यालय–ज्ञाप

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि सम्बद्ध महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विषय–विशेषज्ञ नामित किये जाते हैं किन्तु महाविद्यालयों द्वारा शिक्षकों की चयन प्रक्रिया समय से सम्पन्न नहीं करायी जाती हैं, जिस कारण पठन–पाठ्न हेतु मानकानुसार शिक्षक उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। उक्त स्थिति पर कार्यपरिषद की बैठक दिनांकः– 08.05.2025 में अत्यधिक अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रस्ताव संख्याः 06.01 के अन्तर्गत निम्नवत् निश्चय किया गयाः–

"महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय से चयन समिति हेतु नामित विषय–विशेषज्ञों के निर्गत पत्र की तिथि से अधिकतम तीन माह के भीतर किसी भी दशा में चयन कराकर पत्रावली विश्वविद्यालय को अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।"

कार्यपरिषद द्वारा किये गये उक्त निश्चय के आलोक में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता हैं कि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नामित विषय–विशेषज्ञों हेतु निर्गत पत्र की तिथि से तीन माह की समय सीमा के अन्तर्गत नियमानुसार चयन प्रक्रिया अनिवार्य रूप से सम्पन्न कराकर समस्त अभिलेख सहित पत्रावली अनुमोदनार्थ विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्ति करें। निर्धारित तीन माह की सीमा व्यतीत होने पर नामित विषय–विशेषज्ञों का पैनल स्वतः शून्य हो जायेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, लखनऊ, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ।
02. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
03. सहा0 कुलसचिव।
04. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
05. गार्ड फाईल।

कुलसचिव